# सांसद बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक

बहराइच। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल व कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि व समिति के सदस्य, डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र, सीडीओ कविता मीना, एडीएम मनोज, एएसपी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, डीएफओ बहराइच संजय शर्मा, सीएमओ डा. एस.के. सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए पी.एन. यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सांसद बहराइच ने सुझाव दिया कि डेंगू व संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सीएचसी व पीएचसी का नियमित भ्रमण किया जाय साथ वहॉ पर तैनात चिकित्सकों व स्टाफ की सूची जन प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाय। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित कराया जाय कि सभी पद्धत्तियों के चिकित्सक तैनाती स्थल पर निवास कर आमजन को शासन द्वारा अनुमन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति व निवास करने की सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कराया जा रहा है तथा दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई भी की गई है। मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों को सामान रूप से विकास का अवसर प्रदान किया जाय। नियमानुसार क्षेत्र पंचायतों से भी प्रस्ताव प्राप्त कर कार्यवाही की जाय।

बैठक के दौरान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना से दक्ष लाभार्थियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने को प्राथमिकता प्रदान की जाय। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सभी प्रकार की पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन योजना, स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन, सड़कों की मरम्मत सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किये गये।

जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा के दौरान पाईप लाइन डालने के लिए खुदाई से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं नालियों की समयबद्धता के साथ मरम्मत न कराएं जाने पर जन प्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सुझाव दिया गया कि तत्काल आवश्यक मरम्मत कराई जाए ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो।

बैठक के अन्त में सांसद कैसरगंज श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का आहवान किया कि बेहतर तालमेल व समन्वय के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए आकांक्षात्मक जनपद को विकास के पथ पर आगे ले जायें। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबका साथ, सबका विकास के सिद्धान्त पर बिना भेदभाव के सभी पात्र लोगों तक पहुंचाया जाय। बैठक के दौरान मा. जनप्रतिधियों द्वारा जो महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये है उसका पालन करते हुए जिले के विकास को गति प्रदान की जाय। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया कि अध्यक्ष की ओर से प्राप्त हुए निर्देशों तथा जनप्रतिनिधियों की ओर प्राप्त हुए सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक का संचालन पीडीडीआरडीए पी.एन. सिंह ने किया। इससे पूर्व सभागार पहुॅचने पर डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, गेहूॅ के डण्ठल से बनी कलाकृति तथा मनोकामना का पौध भेंट कर मा. सांसद द्वय, जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी, विधायकगणों का स्वागत किया गया।

# निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

बहराइच। जनपद में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2020 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए तैनात किये गये प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में अब तक की गयी तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य को राज्य निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न कराये जाने को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य समयबद्धता के साथ अन्जाम दिये जायें। मतदान कार्मिक, मत पेटिका, यातायात, प्रशिक्षण, मतपत्र, लेखन सामग्री, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, सूचनाओं का आनलाईन प्रेषण, निर्वाचन कन्ट्रोल रूम, बैरीकेटिंग, प्रकाश, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, एमसीएमसी, निर्वाचन प्लान इत्यादि व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारियों से एक–एक कर जिलाधिकारी ने अब तक की गयी प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए संतोष व्यक्त किया। डीएम डॉ. चन्द्र ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक स्तर पर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के सम्बन्ध में सौपी गयी जिम्मेदारियों को पूरा करने में अपने–अपने अनुभव का भी फायदा उठायें।

मतदान कार्मिक व्यवस्था कार्य की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि कार्मिकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि मत पत्र के माध्यम से होने वाले निर्वाचन के दृष्टिगत कार्मिकों हेतु प्रशिक्षण के माकूल बन्दोबस्त किए जाए तथा समय रहते ही प्रशिक्षण स्थल के चयन के साथ साथ मतपेटिका की तैयारी का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाए। लेखन सामग्री व्यवस्था के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदेय स्थलों की संख्या के अनुसार प्रपत्रों की उपलब्धता के लिए संख्यात्मक विवरण तैयार कर लिया जाय। जिला निर्वाचन योजनाध्सांख्यिकी सूचना के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि बुकलेट की तैयारी में भी ऐसी ही बातों का ख्याल रखें ताकि सभी विवरण पूरी तरह से शुद्ध रहें। शिकायत प्रकोष्ठ को पूरी मुस्तैदी के साथ संचालित करते रहने का निर्देश दियास। डीएम ने अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सौंपे गये कार्यो को समय से पूर्ण कराएं और आवश्यकतानुसार उसकी रिपोर्टिंग भी समय से करते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर जिलाधिकारी मनोज, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी व पयागपुर के दिनेश कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्या, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राजीव कुमार सिसोदिया, पीपीएस प्रशिक्षु आनन्द कुमार राय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, उपायुक्त मनरेगा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारी अधिकारीगण मौजूद रहे।

## घर में घुसकर परिवार पर जानलेवा हमला, पांच के खिलाफ तहरीर

अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव लहरापुर तिवारी का पुरवा में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर एक परिवार ने दूसरे परिवार पर जानलेवा हमला कर पति–पत्नी व पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी सोहावल से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित परिवार ने पांच के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। बताया गया कि विद्याभूषण के पिता के निसंतान भाई ने अपने हिस्से की जमीन की वसीयत विद्याभूषण के पुत्र के नाम कर दी थी। इसी बात को लेकर पट्टीदार से विवाद जारी है। पूर्व में भी दो–तीन बार मारपीट हो चुकी है। विद्याभूषण का कहना है कि सुबह लगभग 5:30 बजे वह अपने घर में पूजा कर रहे थे, तभी गांव के जैस तिवारी उनकी पत्नी संगीता, बेटे अंशुमान तथा पुत्रियों मधु व पूजा ने कुल्हाड़ी, बलचक आदि लेकर घर में घुसकर हमला बोल दिया। कुल्हाड़ी के प्रहार से उनका दांत के साथ जबड़ा कटकर अलग हो गया। बेटे प्रखर का कान कट गया और पत्नी विमलेश तथा बेटे को सर व अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने के चलते दोनों मरणासन्न हो गए। हमलावर घर में तोड़–फोड़ तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। मामले की जानकारी पर गांव के लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। थाना प्रभारी रौनाही संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई है, घायलों को उपचार के लिए भिजवाया गया था। थोड़ी देर पहले तहरीर मिली है, केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पौधरोपड़ कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में पौधरोपण अभियान चलाया गया। यह अभियान भारतीय स्टेट बैंक की पिठला शाखा की ओर चलाया गया। इस दौरान स्टेट बैंक के मैनेजर भाष्कर पांडेय ने कृषि विश्वविद्यालय को लगभग 500 फलदार पौधे भी दिए। भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर भाष्कर पांडेय व बैंक के अन्य कर्मचारियों ने आम, आंवला, बेल, सरीफा व नीबू के फलदार पौधे लगाए। भाष्कर पांडेय ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। अपने जीवन में हर व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस दौरान भाष्कर पांडेय ने कृषि विश्वविद्यालय को लगभग 500 पौधे भी दिए। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. संजय पाठक की मौजूदगी में पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा की कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई फलदार पौधे व छायादार पौधे लगाए गए हैं जिससे विश्वविद्यालय के स्वरूप में तेजी से बदलाव आया है। विश्वविद्यालय का पर्यवारण स्वच्छ एवं हरा–भरा दिखता है। पौधरोपण अभियान के दौरान डा. अंगद सिंह, नंदलाल शर्मा, सोनाली जायसवाल, हरिश्चंद्र सिंह, राजेश सिंह, कौशर वारसी, अनुराग श्रीवास्तव सहित छात्र–छात्राओं ने भी पौधरोपण किया।

## जीवन में दुःख आने पर कभी न घबराए: पूजा शास्त्री

मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के तेन्धा बाजार में सात दिवसीय भगवत कथा के दूसरे दिन मथुरा वृंदावन की कथा वाचक पूजा शास्त्री ने अपने मुखारविंदु से क्षेत्र वासी भक्तजनों को भगवत कथा का रसपान कराया। तेंधा बाजार निवासी व्यापारी दयाराम अग्रहरि के संयोजन में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन भगवत कथा पर विशेष चर्चा करते हुए कथा व्यास पूजा शास्त्री ने मौजूद श्रोताओं को बताया कि जब भगवान हस्तिनापुर से द्वारिका जा रहे थे तब कुंती बुआ ने दुःख का वरदान मांगा था। उन्होंने बताया कि अगर जीवन में दुःख आता है, तो कभी भी घबराना नहीं चाहिए। दुख में ही भगवान याद आते हैं। क्योंकि कहा गया है कि सुख में सुमिरन सब करें, दुःख में करे न कोय। इसलिए महान बनने के लिए दुःख सहन करना पड़ता है। जैसे हीरे को कटना पड़ता है और सूर्य को जलना पड़ता है। तभी हीरा चमकता है और सूर्य सब को प्रकाशित करता है। उन्होंने कथा के दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण के नाना रूपों का विस्तार से वर्णन किया। दूसरे दिवस की भागवत कथा में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश सिंह पिंटू, पवन कुमार अग्रहरि, कमलेश अग्रहरि, विजय बहादुर सिंह पप्पू, भैरव नाथ तिवारी, श्रवण कुमार पाठक, दिनेश पाठक, उमेश अग्रहरि, दुःखराम अग्रहरि, अजय राजकुमार अग्रहरि, बृज किशोर तिवारी, राजेश तिवारी, रामकरन एवं राममिलन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय में बच्चों का अधिगम स्तर जांचा

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कर्मडांडा में डायट प्रवक्ताओं ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों का अधिगम स्तर जांचा।अयोध्या जिले के डायट प्रवक्ता डॉ ज्ञानेंद्र सिंह,डॉ शिवप्रसाद,डॉ शरीफ अहमद, डॉ जंगजीत, एआरपी मिल्कीपुर सत्येंद्र द्विवेदी आदि ने विद्यालय में पहुंचकर कक्षा–कक्ष, पुस्तकालय,खेलकूद सामग्री,लर्निंग कॉर्नर, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता,बच्चों का अधिगम स्तर आदि का आकलन व मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। मनोविज्ञान एवं निर्देशन विभाग उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता डॉ जंगजीत के निर्देशन में एक सर्वेक्षण विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक स्तर की जानकारी के संबंध में कराया गया जिसके आधार पर शिक्षक भविष्य में बच्चों का अधिगम स्तर सुधारने के साथ–साथ शिक्षण कार्य करेंगे।निरीक्षण के दौरान कक्षा 6,7 और 8 के बच्चों का अधिगम स्तर जानने के बाद प्रवक्ताओं ने बच्चों को निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) परीक्षा व राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के बारे में भी बताया गया।इस दौरान प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी यादव,शिक्षिका वंदना श्रीवास्तव,प्रतिमा रानी श्रीवास्तव,कुमारी छाया समेत सैकड़ों की संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# स्काउट प्रशिक्षण श्रम के साथ सामूहिकता तथा मानवता का देता है ट्रेनिंग :डॉ. रीमा शुक्ला

### महिला महाविद्यालय में रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

बहराइच।महिला महाविद्यालय में भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में रेंजर्स प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला के निर्देशन में रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिसने स्काउटिंग का इतिहास उद्देश्य विभिन्न प्रकार के गांठ और बंधन तथा स्काउट तालियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।समापन के इस अवसर पर रेंजर्स की टोलियों ने रेंजर्स प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला तथा प्रशिक्षक कायमा इस्लाम व कल्लन इदरीसी के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण में शिविर लगाया,रंगोली बनाई तथा सीमित संसाधनों का प्रयोग कर भोजन तैयार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गीत–संगीत का प्रस्तुतीकरण देकर रेंजर्स ने खुशनुमा वातावरण का निर्माण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कमिश्नर स्काउट मनोज कुमार पांडेय ,उपाध्यक्ष योगेश चंद्र दूबे उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रोत्साहित किया व प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए रेंजर्स को शुभकामनाएं प्रदान की। रेंजर्स प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण श्रम के साथ सामूहिकता तथा मानवता का प्रशिक्षण भी देता है जो ना सिर्फ हमारे जीवन के लिए बल्कि समाज व देश के विकास में सहायक है।उन्होंने कहा प्यासे न रहो दश्त में,बारिश के मुंतजि,मारो जमीन पर पांव कि पानी निकल पड़े।कार्यक्रम में रेंजर्स द्वारा प्राकृतिक वातावरण में बनाए गए भोजन को परोसा गया।शिविर के अन्त में रेंजर्स का दीक्षा समारोह भी संपन्न किया गया। प्राचार्य प्रो.प्रिया मुखर्जी ने छात्राओं को शुभकामनाएं तथा रेंजर्स प्रभारी को एक सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राएं ही समाज की रीढ़ है आपको स्वयं मजबूत बनना होगा और परिवार समाज के प्रति दायित्व का निर्वहन करना होगा, लेकिन स्वयं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए।तत्पश्चात फ्लैग डाउन तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

## ब्लाक स्तरीय क्रीडा रैली का हुआ आयोजन

गोसाईगंज–अयोध्या। अयोध्या जनपद के मया ब्लाक के परिषदीय विद्यालय रामपुर बैहारी में ब्लाक स्तरीय बालक बालिकाओं की क्रीडा रैली का आयोजन हुआ।जिसके मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेशसिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह कप्तान सिंह रहे।कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षक संघ मया मंत्री पंकज पाण्डेय, अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा,ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र यादव ,केके पाण्डेय के साथ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूप दीप के साथ किया।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख श्री सिंह ने कहाकि खेलो से बच्चो की प्रतिभाओं में निखार आता है।इन्ही में से कोई बच्चा क्रिकेट में तो कोई बच्चा वालीवाल, फुटबाल आदि जाकर अपने गांव के साथ पूरे जनपद व देश प्रदेश का नाम रोशन करता है।उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षक संघ मया मंत्री पंकज पाण्डेय, अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा,ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र यादव ,केके पाण्डेय,दिलीप त्रिपाठी,आदर्श तिवारी, राजनरायन सिंह परमानन्द सिंह, अवधेश सिंह,अनिल पांडेय,पवन तिवारी, नीतू सिंह, पुष्पा, अर्चना चतुर्वेदी, संगीता यादव, संजय सिंह, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# बाल पुष्टाहार घोटाले के पकडे जाने पर जिम्मेदारों में हड़कम्प

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। वैसे तो विभाग कार्यो के पारदर्शिता के तमाम दावे कर रहा है कि कार्यकुशलता में कोई लापरवाही व भ्रष्टाचार की कोई जगह नही है। लेकिन धरातल पर इसकी हकीकत कुछ और बया कर रही है जहां पर बाल विकास विभाग में व्यापत भृष्टाचार जबरदस्त तरीके से होते देखा जरहा है। जहां पर बाल पुष्टाहार खाद्याना पर कुपोषित बच्चों और धात्री महिलाओं का हक है और सरकार की मंशा भी है कि विभागों को खाद्यान वितरण आंगन बाड़ी केंद्रों के द्वारा संचालित है लेकिन गरीबों को उनका हक नही पहुंचता और विभागीय बंदर बांट के भेंट चढ़ जाता है। अभी ताजा मामला जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर विकासखंड के लाल नगर सिपहिया आंगनवाड़ी केंद्र का है जहां से आंगनवाड़ी कार्यकत्री रश्मि पांडे द्वारा रिक्शे पर लाद कर काला बाजारी हेतु बाजार लाया जरहा था जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों के मिलने पर उन्होंने रिक्शे का पीछा किया और साथ ही मीडिया कर्मी को सूचना दी जिसके चलते तुलसीपुर रेलवे परिसर में आंगनवाड़ी कार्यकत्री खाद्यान सहित रिक्शा छोड़ अपने सहयोगियों संग फरार होगायी जिसकी सूचना पुलिस और विभागीय अधिकारियों को दी गई जिस पर विभागीय अधकारियों ने मॉल ग्रामप्रधान के सिपुर्द किया की पुनः बटवाया जायेगा और एक शपथ पत्र प्रधान से प्राप्त का लिया गया लेकिन अधिकारियों को मनसा कुछ और नजर आही है जिसके चलते प्रधान पर भ्रष्टाचार की सूचना देने और पकड़वाने को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है जिसमे ये कहा गया है कि आप घटना होने की पुष्टि करते हुए विभाग को लिखित बयान दें जिससे भर्ष्टाचार करने वाले आंगनवाड़ी कार्यकत्री पर कारवाही की जा सके जबकि काला बाजारी की गाड़ी और मॉल बरामद होने पर विभाग स्वतः संज्ञान लेकर कारवाही करनी चाहिए लेकिन ऐसा न करके भ्रष्टाचार को अंकुश को लेकर ग्रामीणों ने मॉल बरामद करवाने पर विभागीय पोल खुलने के डर से ग्रामीणों को भयभीत करने के लिए ये खेल खेला जरहा है की दोबारा भृष्टाचार की सूचना या रोकने के हिम्मत कोई न करे जबकि सूत्रों से पता चला है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री को बचाने के लिए प्रधान लाल नगर पर विभागीय व राजनीतिक दबाव बनाया जारहा है जिससे कारवाही न हो। इस सम्बंध में अधिकारियों ने गाव में जा कर वितरण का हाल जाना और ग्रामवासियो से बात करने पर 6 महीने में वितरण की बात आई जबकि सीडीपीओ तुलसीपुर का फोन नही लगा जिससे उनका पक्ष नही मिल सका।


कार्यालय–बाल विकास परियोजना अधिकारी, तुलसीपुर–बलरामपुर।

बाल विकास परियोजना अधिकारी
तुलसीपुर –बलरामपुर।

■ भ्रष्टाचार की पुष्टि के लिए ग्राम प्रधान को दी गई नोटिस
■ जांच करने पहुची टीम में ग्राम वासियो से जाना वितरण का हाल

## सांसद ने किया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुरध्बलरामपुर। लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती के सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र श्रावस्ती पहुंचकर चौबेडीह मार्ग का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अपने कर कमलों से शिलान्यास किया। सांसद श्रावस्ती ने कहा कि श्रावस्ती जनपद काफी पिछड़ा जनपद है यहां की सड़कें जो गांव को जोड़ती है काफी बदहाल है इसको देखते हुए श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में 22 सड़के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत कराई गई है जिसका शिलान्यास मेरे द्वारा संबंधित विधायक की उपस्थिति में किया जा रहा है 1 वर्ष के भीतर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चयनित सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और 5 साल की अवधि मरम्मत के लिए निर्धारित की गई है संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया गया है फिर सड़कों का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी गौरतलब है कि लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा द्वारा लोकसभा के श्रावस्ती में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के शिलान्यास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने से जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है इसके साथ–साथ सांसद वर्मा ने श्रावस्ती और बलरामपुर जनपद के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का भी भ्रमण कर सभी बाढ़ पीड़ितों को एवं खरीफ फसलों का मुआवजा के साथ किसान भाइयों को मुहैया कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि डॉ सुनील चौधरी मनीष महान कृष्णा पटेल वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी वर्मा सहित तमाम ग्राम पंचायत प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मधुकरपुर के विराट धनुष यज्ञ का धूमधाम से शुभारंभ, शामिल हुये प्रत्याशी





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय के बहु प्रसिद्ध मधुकरपुर विराट धनुष यज्ञ का आयोजन गुरुवार को सायं 8.00 शुभारंभ किया गया आपको बता दें कि जिला मुख्यालय पर स्थित ग्राम पंचायत मधुकरपुर में 75 वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे मधुकरपुर के विराट धनुष यज्ञ का आयोजन इस वर्ष भी युवाओं द्वारा बृहस्पतिवार को शुरू किया गया यह विराट धनुष यज्ञ ग्राम पंचायत के ही यूवको के द्वारा निरंतर किया जाता है और ग्रामसभा के ही कलाकार इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए निर्वहन करते हैं इस बार इसका आयोजन 17 नवंबर से प्रारंभ किया गया है जिसके पहले दिन नगर पालिका क्षेत्र से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने वाले मणिकांत शुक्ला, राकेश दत्त त्रिपाठी, गुड्डू साइकिल वाला आदि के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण एवं साल देकर सम्मान किया गया, साथ ही ग्राम सभा के नगर पालिका क्षेत्र वार्ड पंडित दीनदयाल नगर के रूप में आने पर भी सबको बधाई अभिनंदन किया गया। विराट धनुष यज्ञ के आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे साथ ही इस चले आ रहे निरंतर धनुष यज्ञ के आयोजन के लिए युवा मंडली को बधाई भी दिया। मणिकांत शुक्ला ने विराट धनुष यज्ञ मधुकरपुर के बारे में बताते हुए कहा कि आज मेरी आयु 63 वर्ष की हो गई है लेकिन मेरे पैदा होने से पहले से ही मधुकरपुर का विराट धनुष यज्ञ के मेले का आयोजन होता है हम बच्चे थे तभी इस मेले में आकर इस का आनंद उठाते थे अभी इसका निरंतर शुभारंभ हो रहा है यह बहुत ही अच्छी बात है आने वाले समय में इसको नगरपालिका के से कराने का प्रयास किया जायेगा, राकेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि विराट धनुष यज्ञ मधुकरपुर के आयोजन में शामिल होने के लिए बचपन में लगातार एक हफ्ते तक इसी ग्राम पंचायत मे रह कर मैं इसे देखते हुए बड़ा हुआ हूं आज देखने को मिल रहा है इसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं गुड्डू साइकिल वाले ने कहा कि जब से मैंने होश संभाला है विराट धनुष यज्ञ को लगातार देख रहा हूं साथ ही मेरा प्रयास होगा कि इसका संचालन और इस में आने वाले सभी आर्थिक मदद नगर पालिका द्वारा वाहन किया जाए इसका पूरा प्रयास किया जाएगा, वैसे आपको बता दें कि गुड्डू साइकिल वाला जिला पंचायत सदस्य भी हैं और अपने माता जी को नगर पालिका अध्यक्ष पद पर आप पार्टी के द्वारा प्रत्याशी बनाए हुए हैं शुभारंभ के अवसर पर आयोजन मंडली के आयोजक राजेश शर्मा अध्यक्ष प्रदीप पांडे उपाध्यक्ष सौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष विकी शर्मा, महामंत्री राजन त्रिपाठी, अंगद गोंड सहित आयोजन समिति के मेवालाल, धनंजय पांडे, प्रशांत त्रिपाठी ,सिद्धनाथ पांडे, गोपाल मिश्रा, संरक्षक रामानंद तिवारी, रामकरन गुप्ता आदि लोग भारी संख्या में शामिल रहे।

# जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न, छात्रों को मिलेगा पौधा

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपणध पर्यावरण समिति की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने वर्ष 2023–24 में कक्षा 6 से 8 तक के स्कूली बच्चों को फलदार वृक्ष वितरित करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उक्त संबंध में उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की संख्या वन विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि पौधशालाओ में फलदार पौध तैयार किए जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा हेरिटेज वृक्षो के संवर्धन व विकास पर बल दिया। बैठक में डी.एफ.ओ. चंदेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि उ प्र में विगत वर्ष का वृक्षारोपण 35करोड लक्ष्य था ,इस वर्ष 2023– 2024 में भी वही लक्ष्य अर्थात 35 करोड वृक्षारोपण लक्ष्य रहेगा। शासन स्तर से अभी कोई नया लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। वन विभाग द्वारा वर्ष 2022–23 में कराए गए वृक्षारोपण कार्य के सफलता का आकलन वन विभाग द्वारा हरीतिमा ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। अन्य विभाग भी वृक्षारोपण का सत्यापन कर सफलता रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने जनपद की वजह आवा मझौली सागर को वेटलैंड घोषित करने हेत शासन को पूर्व प्रेषित प्रस्ताव के संबंध में अवगत कराया। जिला गंगा समिति के संबंध में डी एफ ओ ने अवगत कराया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन हो रहा है उक्त क्रम में राप्ती नदी तट बासी के रानी मोह राजलक्ष्मी स्नान घाट तथा डुमरियागंज राप्ती नदी पर तट पर अंनर्तराष्ट्रीय योग दिवस व गंगा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी तथा उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नौगढ़ प्रदीप कुमार यादव, पी.डी. नागेंद्र मोहन त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्जवल कुमार त्रिपाठी, तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुनियांव ब्लॉक पर सामुदायिक मीटिंग का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को खुनियांव ब्लॉक, सिद्धार्थनगर के



गाँव मैंनभरिया मे नदपबबमफ के सहयोग से सामुदायिक मीटिंग का आयोजन 19ध11ध22 से शुरू हो रहे विशेष टीकाकरण अभियान के लिए किया गया, जिसकी शुरुवात एएनएम विभा मिश्रा द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम के विषय मे जानकारी देकर की गयी यूनिसेफ के बी एम सी धीरज कुमार श्रीवास्त व द्वारा टीकाकरण मे दी जाने वाली वेक्सीन के विषय मे जानकारी गयी, यूनिसेफ के जिला समनव्यक अमित शर्मा द्वारा बताया गया की नियमित टीकाकरण करवाने से बच्चे कम बीमार पड़ते है और सेहत ही खुदा की नेमत है सम्बन्धि बताओ पर चर्चा की गयी, यूनिसेफ के मण्डल समनव्यक द्वारा समुदाय टीकाकरण के सम्बन्धित समुदाय द्वारा पूछे गये सवालों के जवाव दिये गये, इस अवशर पर ग्राम प्रधान जवाहर लाल, मीरा सुशीला, जबुन्निशा, अब्दुल खालिद, जैसमोहम्मद, साफिया, विनोद आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र ने किया जागरूकता रैली का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विश्व बाल अधिकार जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत प्लान इंडिया, सशस्त्र सीमा बल, पुलिस, युवा कल्याण विभाग व नेहरू युवा केंद्र के समन्वय से खेल गतिविधियों का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के चंदई ग्राम पंचायत में किया गया। इस मिलकर मानव तस्करी की जागरूकता हेतु एक रैली का आयोजन बढ़नी रेलवे स्टेशन से सशस्त्र सीमा बल कैम्प बढ़नी किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य समाज में सभी को बाल अधिकारों व बाल संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना था। इस दौरान बच्चों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में भाग लिया इसके साथ बालिकाओं ने खो खो में भी अपना हुनर दिखाया। इस दौरान प्लान इण्डिया ने बच्चों को प्रोटेक्ट प्रोजेक्ट के बारे मे बताया कि हम मानव तस्करी व बाल संरक्षण के लिये बढ़नी ब्लॉक के सीमाई क्षेत्र में कार्य कर रहे है। सशस्त्र सीमा बल कोटिया कैम्प के प्रभारी अशोक मीणा ने सभी बच्चो को खेलो के माध्यम से आगे बढ़ने को प्रेरित किया। पीआरडी कमाण्डर ने बच्चो को ग्राम पंचायत स्तर पर युवा कल्याण विभाग की युवकध्महिला मंगल दल के साथ जुड़कर खेलो के लिए प्रेरित किया। नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक समन्वयक ने बच्चो को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। शोहरतगढ़ थाने के एस आई एस पी यादव ने बच्चो की दौड़ में बच्चो को उत्साहित किया। स्वः नैनमती संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदई के प्रधानाचार्य ने बताया की समाज से अगर मानव तस्करी को रोकना है तो हम सभी के मिलकर इस मुद्दे पर कार्य करना होगा। इस कार्यक्रम में एसएसबी 43 बटा. कोटिया बाजार से प्रभारी अशोक मीणा, शोहरतगढ़ थाने से एसआई एस पी यादव, पीआरडी कमाण्डर राजेंद्र प्रसाद, नेहरू युवा केंद्र ब्लॉक समन्वयक रुपेश मिश्रा, प्लान इण्डिया से जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला, विजयशंकर, काजल श्रीवास्तव, शिवनंदन व कृष्णमोहन दुबे, संदीप चौधरी, कपिल चौधरी, शीतल, सुंदरी, रौशनी, शालिनी व नैनमती विद्यालय के छात्र, छात्राये आदि उपस्थित थे।




# पुलिस लाइन्स में हुआ वाद–विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## पुलिसकर्मियों ने खुलकर अपने विचार रखे विजेताओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर के सभागार कक्ष में मानवाधिकार संरक्षण के प्रति पुलिस कर्मियों को जागरूक एवं संवेदनशील किये जाने के संबंध में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद–विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक "21वीं सदी–पुलिस एवं मानवाधिकार" रहा। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागियों को वाद–विवाद हेतु पांच–पांच मिनट का बोलने का मौका दिया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता में थाना शोहरतगढ़ के आरक्षी रिकेश तिवारी प्रथम रहे। दूसरे स्थान पर थाना बांसी के मुख्य आरक्षी शैलेष सिंह व तीसरे स्थान पर थाना इटवा के आरक्षी आशुतोष धर दुबे रहे। चतुर्थ स्थान पर थाना भवानीगंज के आरक्षी संदीप कुमार यादव रहे। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका नीता यादव, प्रोफेसर सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपिलवस्तु व सौरभ श्रीवास्तव, प्रोफेसर सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी रहे। साथ विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, अखिलेश वर्मा पुलिस उपाधीक्षक सदर, भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर, चन्दन कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व प्रतियोगिता का संचालन आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी ने किया अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएपी खाद उपलब्ध न होने से दर दर भटक रहे किसान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद उपलब्ध न होने से किसान दर दर भटक रहा है।



मजबूर होकर किसान निजी दुकान दारों से 14 सौ से 15 सौ रुपये में खरीद कर खेतों की बुवाई कर रहे हैं। जिससे किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसके जिम्मेदारों के कान में जूं नहीं रेंग रहा है। क्षेत्र के साधन सहकारी समिति बेलटीकर, सोहास सुमाली, खाखरा आदि में डीएपी खाद उपलब्ध न होने के वजह से किसान दर दर भटक रहे हैं। मालूम हो कि रवी के मुख्य फसल गेहूँ, चना, मटर, सरसों के अलावा तमाम तरह के शाक सब्जी के बुवाई का समय चल रहा है।लेकिन समितियों पर डीएपी खाद उपलब्ध न होने के वजह से किसान दर दर भटक रहे हैं। इसी का फायदा उठाते हुए निजी दुकानदार पिछले दरवाजे से चोर बाजारी करते हुए 14 सौ से 15 सौ रुपये की कीमत लेकर बेच रहे हैं। जिससे किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसके जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

# नेपाल सीमा समीपवर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने किया पेट्रोलिंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व जयराम क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़, पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा गुरूवार को आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत चौकी कोटिया क्षेत्र के अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ नेपाल सीमा के समीपवर्ती क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर भ्रमण किया गया।




## सम्पादकीय

**कर्नाटक में उसी तरह की सर्जरी की चर्चा हो रही है। असल में कर्नाटक में भाजपा कई खेमों में बंटी है और दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस में जान लौटी है। कांग्रेस ने कर्नाटक के मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाया है। इससे मुकाबला कांटे हो गया है। कांग्रेस के मुकाबले भाजपा में मुख्यमंत्री...**

# कर्नाटक में भी गुजरात फॉर्मूले की चर्चा



कर्नाटक में अगले साल मई में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। यह राज्य भाजपा के लिए बहुत अहम इसलिए है क्योंकि दक्षिण भारत का इकलौता राज्य है, जहां भाजपा की सरकार है। बाकी किसी राज्य में निकट भविष्य में भाजपा के अपने दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं दिख रही है। दूसरा कारण यह है कि कर्नाटक की 28 में से 25 लोकसभा सीटें भाजपा ने जीती हैं और पार्टी को हर हाल में अगले चुनाव में इसमें से अधिकतम सीटें बचानी हैं। तभी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में हर फॉर्मूले पर चर्चा हो रही है, जिसमें से एक गुजरात फॉर्मूला भी है। गुजरात फॉर्मूले का मतलब है कि एंटी इन्कंबैंसी कम करने या खत्म करने के लिए ऊपर से नीचे तक सबको बदल दो। भाजपा ने पिछले साल मुख्यमंत्री तो बदला लेकिन मंत्रियों को नहीं बदला गया। बीएस येदियुरप्पा सरकार के ज्यादातर मंत्री बसवराज बोम्मई की सरकार में शामिल हो गए। इतना ही नहीं पार्टी के तमाम पुराने नेता, जो दशकों से विधायक या सांसद और मंत्री बनते रहे हैं वे सब भी अपनी जगह बने रहे। भाजपा आलाकमान ने 75 साल की उम्र सीमा पार कर चुके बीएस येदियुरप्पा को पार्टी की सर्वोच्च बॉडी संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया और राज्य की राजनीति में भी उनको पर्याप्त तरजीह दी जा रही है। इस बीच गुजरात फॉर्मूले के तहत पुराने नेताओं की विदाई और ज्यादातर विधायकों व सांसदों की टिकट काटने की मांग शुरू हो गई है। येदियुरप्पा के करीबी रहे और हाल में राज्यसभा सांसद बने लहर सिंह सिरोया ने दो टूक शब्दों में कहा कि पुराने नेता रास्ता खाली करें ताकि नए नेताओं को मौका मिले। उन्होंने गुजरात में पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्रियों, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों आदि के चुनाव लडने से मना करने का हवाला देते हुए पुराने नेताओं से रास्ता खाली करने को कहा। ध्यान रहे विजय रुपानी, नितिन पटेल, सौरभ पटेल, भूपेंद्र चूड़ासमा, आरसी फालदू जैसे बड़े नेताओं ने चुनाव लडने से मना किया तो उसकी हकीकत सबको पता है कि उनको ऐसा करने के लिए पार्टी की ओर से कहा गया। कर्नाटक में उसी तरह की सर्जरी की चर्चा हो रही है। असल में कर्नाटक में भाजपा कई खेमों में बंटी है और दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस में जान लौटी है। कांग्रेस ने कर्नाटक के मल्लिकार्जुन खडगे को अध्यक्ष बनाया है। इससे मुकाबला कांटे हो गया है। कांग्रेस के मुकाबले भाजपा में मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई से लेकर संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा, पूर्व मुख्यमंत्री सदानंद गौड़ा, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केएस ईश्वरप्पा और सबसे ऊपर भाजपा के संगठन महामंत्री बीएल संतोष की अपनी अपनी राजनीति है, जिससे भाजपा को मुश्किल हो रही है।

# अपने हित की बात

पश्चिमी देशों की रूस के कच्चे तेल की कीमत पर सीमा लगाने की योजना है। इसके तहत वे देश यह तय करेंगे कि रूसी तेल किस कीमत पर बिके। मगर भारत ने साफ किया है कि वह ये शर्त नहीं मानने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी–20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए वहां जुटे नेताओं को उचित आगाह किया कि वे दूसरे देशों की ऊर्जा सुरक्षा को बाधित करने वाले कदम ना उठाएं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से नहीं कहा कि वे ये बात किस संदर्भ में कह रहे हैं, लेकिन वहां मौजूद तमाम लोगों को इसका मतलब साफ समझ में आया। मोदी का इशारा पश्चिमी देशों की अगले पांच दिसंबर से रूस के कच्चे तेल की कीमत पर सीमा लगाने की योजना है। इसके तहत वे देश यह तय करेंगे कि रूसी तेल किस कीमत पर बिके। जो देश उस कीमत पर खरीदेंगे, उन्हें पश्चिमी प्रतिबंधों से छूट रहेगी। लेकिन जो देश रूस की तरफ से तय कीमत पर तेल खरीदेंगे, उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। मगर भारत पश्चिम की यह शर्त नहीं मानने जा रहा है, यह संकेत वह पहले भी दे चुका है। कुछ रोज पहले अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन दिल्ली आई थीं, तो उनकी टिप्पणी से साफ हुआ कि भारत ने उनके देश की ये शर्त दो टूक ठुकरा दी है।

लाचारी के भाव के साथ येलेन ने नई दिल्ली में कहा कि भारत जिस कीमत पर चाहे, वह तेल खरीद सकता है, लेकिन उसे पश्चिमी बीमा कंपनियों, मालवहन और अन्य सुविधाएं नहीं मिलेंगी। तो अब जो शिखर सम्मेलन खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के नाम पर हो रहा है, वहां मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिमी देश ऊर्जा सुरक्षा को अपने नजरिए से देखने का तरीका छोड़ें। भारत की ऊर्जा सुरक्षा रूस से तेल खरीदने में है– वह पिछले नौ महीनों से यही कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। कहा जा सकता है कि जी–20 के विश्व मंच का उपयोग मोदी ने भारतीय हित को व्यक्त करने के लिए किया है। अमेरिका के नजरिए से विश्व व्यवस्था को देखने की भारी कीमत इस समय यूरोपीय देश चुका रहे हैं। हाल में उनमें भी इस बात का अहसास जगा दिखता है। वैसे मौके पर भारत जैसे अपने हित की उपेक्षा करें, यह कतई उचित नहीं है। इसलिए विकासशील देशों के अंदर प्रधानमंत्री के इस हस्तक्षेप का स्वागत किया जाएगा।

# एक थी श्रद्धा, एक था हैवान

**1995 में नैना साहनी को उनके पति सुनील शर्मा ने हत्या के बाद लाश के टुकड़े कर तंदूर में डाल दिए थे, 12 साल पहले देहरादून में अनुपमा गुलाटी की हत्या कर उनके पति राजेश गुलाटी ने लाश के 72 टुकड़े कर डीप फ्रिजर में भर दिए थे। दो साल पहले इंदौर में हर्ष शर्मा ने अपनी पत्नी अंशु शर्मा को कुत्ते की जंजीर से बांधकर मार दिया था। ये तो कुछ कुख्यात प्रसंग हैं, जो चर्चा में आ गए। ऐसे न जाने ...**

सर्वमित्रा सुरजन

हमारे आसपास जितने अधिक स्मार्ट कहे जाने वाले गैजेट्स बढ़ते जा रहे हैं। हम उतने अधिक आत्मकेन्द्रित और असहिष्णु होते जा रहे हैं। आस–पास की घटनाओं से अधिक हमें सोशल मीडिया पर वायरल हुई चीजों की खबर रहती है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी हो चुकी है, जिसमें साहित्य, मानविकी, कला जैसे विषयों को दोयम दर्जा दिया जा चुका है और विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर, प्रबंधन जैसे विषयों को सफलता की कुंजी बताया जाता है। जबकि व्यक्ति के समेकित विकास के लिए सभी विषयों का महत्व है। हर प्रेम कथा सुखांत या दुखांत पर ही खत्म नहीं होती। प्यार, धोखा, हत्या, स्त्री और पुरुष संबंधों की एक टूलकिट ये भी है, जो सदियों से चली आ रही है। राजा का अंगूठी देकर किसी वनकन्या को अपने इंतजार के लिए विवश करना और अंगूठी खो जाए, तो उसे अपनाने से इंकार करना, किसी परस्त्री को भेस बदलकर धोखा देना और बाद में इल्जाम लगाकर उसे ही पत्थर की मूरत में बदलने के लिए अभिशप्त छोड़ना, ऐसे प्रसंग हमारी प्राचीन कथाओं में वर्णित हैं। पुरुषों द्वारा छली गई या अपमानित स्त्रियों के लिए अवतारों का आना भी इन कथाओं का हिस्सा रहा है। हालांकि असल जिंदगी में अवतार नहीं आते और न ही चमत्कार घटित होते हैं। परस्पर संबंधों में धोखे के प्रसंग पहले भी हुआ करते थे, अब भी होते हैं। लेकिन अब इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में इसके उदाहरण खौफनाक तरीके से पेश होने लगे हैं। ऐसा ही एक भयावह प्रसंग सामने आया है दिल्ली से, जहां मेहरौली में आफताब नाम के एक शख्स ने अपनी महिला मित्र श्रद्धा की न केवल हत्या कर दी, बल्कि उसके शव के लगभग 35 टुकड़े कर के, उन्हें फ्रिज में छिपा कर रखा। इन टुकड़ों को इंसान की शक्ल वाला यह हैवान अलग–अलग जगहों पर फेंका करता था। छह महीने पहले हुई इस हत्या का खुलासा अभी कुछ दिन पहले हुआ। जब श्रद्धा के पिता ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट महाराष्ट्र में दर्ज कराई। दरअसल श्रद्धा और आफताब दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले थे। श्रद्धा के मां–बाप अलग हो चुके थे और श्रद्धा की आफताब से मुलाकात एक डेटिंग ऐप पर हुई। वो एक कॉल सेंटर में काम करती थी और आफताब से दोस्ती के बाद उसके साथ रहना चाहती थी। श्रद्धा की मां ने इस बात का विरोध किया, तो वह उनकी अनुमति के बिना ही आफताब के साथ रहने चली गई। आफताब के परिजन भी इस रिश्ते के खिलाफ थे। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच रिश्ते बहुत अच्छे नहीं थे, एक बार श्रद्धा ने अपनी मां को बताया था कि आफताब उसके साथ मारपीट करता है। हालांकि श्रद्धा तब भी उससे अलग नहीं हुई। इस बीच श्रद्धा की मां की मृत्यु हुई। बाद में श्रद्धा के पिता ने भी उसे आफताब के साथ रहने से मना किया। लेकिन उसने तब भी उनकी बात नहीं मानी। परिजनों के विरोध के चलते आफताब और श्रद्धा मुंबई से दिल्ली आ गए और यहां आने के बाद श्रद्धा ने जब आफताब पर बार–बार शादी करने का जोर डाला तो मई में आफताब ने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी। इस बीच उसने श्रद्धा का इंस्टाग्राम अकाउंट चालू रखा, ताकि उसके परिचितों को यह अहसास रहे कि वह जिंदा है। लेकिन दो महीने तक जब श्रद्धा से कोई बात नहीं हुई, तो उसके एक दोस्त ने इसकी सूचना श्रद्धा के पिता को दी और फिर उन्होंने महाराष्ट्र में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस श्रद्धा की तलाश में दिल्ली तक पहुंची और फिर आफताब पकड़ में आया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही उसने सारा सच उगल दिया और अब मामले की सघन जांच की जा रही है। इस खौफनाक घटना के सामने के बाद समाज में तरह–तरह के विमर्श शुरु हो गए हैं। भारतीय समाज में प्रेम संबंधों के लिए नजरिया सकारात्मक कभी नहीं रहा, और उस पर लिव–इन यानी बिना विवाह के साथ में रहना भी नैतिकता के स्वघोषित ठेकेदारों को खटकता है। जो लोग इस तरह से रहते हैं, उन्हें अक्सर रिश्तेदारों और परिचितों से अपने संबंधों को छिपाना ही पड़ता है। अगर प्रेम प्रसंग अंतरजातीय या दो धर्मों के लोगों के बीच हो, तब दिक्कतें और अधिक बढ़ जाती हैं। आफताब–श्रद्धा प्रसंग में ये तीनों ही बातें शामिल थीं। उनके दो अलग धर्मों के होने के कारण अब इसे लव जिहाद का एंगल देने की भी कोशिशें शुरु हो गई हैं। अगर इसमें सफलता मिल गई तो आगामी कई विधानसभा चुनावों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए एक मुद्दा तैयार रहेगा। हालांकि इस समूचे घटनाक्रम के जो मनोवैज्ञानिक पहलू हैं, उन पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। प्रेम प्रसंग में धोखे और फिर कत्ल का शिकार बनी श्रद्धा पारिवारिक टूटन की भुक्तभोगी रही है। संभवतरू इसलिए वह मानसिक संबल तलाशने में एक ऐसे व्यक्ति पर भरोसा कर बैठी, जिसके इरादे कभी नेक नहीं थे। श्रद्धा को यह अहसास हो गया था कि आफताब उसके साथ सही व्यवहार नहीं कर रहा है, फिर भी उससे अलग होने की हिम्मत उसने नहीं दिखाई, शायद वह रिश्तों को टूटते नहीं देखना चाहती थी। यह कितनी अजीब बात है कि श्रद्धा के पिता को दो महीने तक पता ही नहीं चला कि वह गायब है। अगर उसके दोस्त ने चिंता नहीं दिखाई होती, तो न जाने कब तक यह हत्याकांड छिपा ही रहता। अभी यह पता नहीं है कि श्रद्धा के घर में लड़कियों के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता है, लेकिन हिंदुस्तान में बहुत सी लड़कियां शादी के पहले या शादी के बाद या प्रेम प्रसंगों में केवल इसलिए प्रताड़ित और पीड़ित होती हैं, क्योंकि अपने घर में वे भेदभाव के साथ पाली जाती हैं और बाद में अपने हक के लिए आवाज उठाने की हिम्मत उनमें नहीं रहती है।

# मानगढ़ धाम की गौरव गाथा का स्मरण

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल परिषद भी 08 जनजातीय मंत्रियों से अलंकृत है। लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाते हुए संपूर्ण परिपूर्णता करने के लिए गरीब कल्याण उपाय, जन केन्द्रित नीतियां और सुशासन के दृष्टिकोण ने उनके जीवनयापन को आसान करने की सुविधा प्रदान की है। एकलव्य मोडल आवासीय विद्यालय का निर्माण, आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना, छात्रों के लिए समर्पित छात्रवृत्ति स्कीम...**

अर्जुन राम मेघवाल

हमारा देश हमारे गौरवान्वित नागरिकों के संपूर्ण सामर्थ्य का उपयोग करते हुए बहुआयामी रूप से विकास की राह पर बड़े कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव स्वयं का विश्लेषण करने और जन चेतना को जागृत करने का सही अवसर है ताकि देश नई ऊंचाइयों को छू सके। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक ऐसी गाथाएं शामिल हैं जो स्वतंत्रता सेनानियों की जागृत चेतना को दर्शाती है जो राष्ट्रवादी आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वर्गों को समाहित करती हैं। यशवंचित विस्मृत वीरों और वीरांगनाओं ने मातृभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। हाल ही में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर, 15 नवम्बर को मनाए गए द्वितीय श्जनजातीय गौरव दिवसश में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम और साहसिक कृत्यों का पुनरूस्मरण कराया गया। 17 नवम्बर का दिन अंग्रेज हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध लड़ते हुए गोविंद गुरु के नेतृत्व में जनजातीय व्यक्तियों द्वारा किए गए नरसंहार का स्मरण कराता है।

राजस्थान के डूंगरपुर बांसवाड़ा क्षेत्र में एक बंजारा परिवार में जन्मे गोविंद गुरु ने स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षा को आत्मसात किया और वह सामाजिक–धार्मिक उत्थान के माध्यम से भील जनजातियों को एकजुट करने के लिए सक्रिय हो गए। भारतीय परंपरा और आदर्शों के सच्चे प्रतिपादक के रूप में उन्होंने 25 वर्ष की आयु में सन् 1883 में जनजातीय लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए श्संप सभाश की स्थापना की। ये सामाजिक–आर्थिक कदम उसी समय उठाए गए जिस समय ब्रिटिशराज भारत से योजनाबद्ध तरीके से लूटपाट कर रहा था और स्थानीय और स्वदेशी लोगों के हितों के प्रति असंवेदनशील हो गया था। सन् 1903 के बाद से मानगढ़ पहाड़ी इस क्षेत्र के भील और अन्य जनजातीय लोगों के लिए एक मेले के रूप में आयोजित वार्षिक समागम के लिए प्रसिद्ध स्थान बन गया था।

भारत में स्व–शासन की मांग ने 20वीं शताब्दी के पहले दशक में बहुत अधिक जोर पकड़ लिया। फूट डालो और राज करो की नीति और उसके परिणामस्वरूप हुए बंगाल विभाजन तथा धन संपत्ति को देश से बाहर ले जाने की प्रणाली ने ब्रिटिश शासन के नैतिक आधार का भांडाफोड़ कर दिया था। गोविंद गुरु ने भी सूखाध्अकाल प्रभावित परिस्थितियों में जनजातियों से लिए जाने वाले लगान को कम करने और धर्म तथा रीति–रिवाजों का पालन करने में स्वतंत्रता की मांग रखी।

स्वतंत्रता संग्राम के भाग के रूप में, जनजातियां और भील समुदाय अंग्रेजों के विरुद्ध बड़े संघर्ष की तैयारी में जुटे थे। सन 1913 में 17 नवम्बर की पूर्णिमा के दिन मानगढ़ पहाड़ी पर 1.5 लाख से अधिक भील, गुरु के प्रति अपनी निष्ठा दर्शाते हुए इकत्रद्दा हुए ताकि वे अपनी आध्यात्मिक इच्छाओं को पूरा कर सकें और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए कोई रास्ता खोज सकें। गैर कानूनी रूप से इकत्रद्दा किया गया लगान स्पष्ट रूप से अंग्रेजों की दमनकारी नीति और अन्यायपूर्ण कृत्यों को दर्शाता था। श्भूरेटिया नही मानू रेश (मैं अंग्रेजों के दमनकारी शासन के प्रति कभी भी वफादार होना स्वीकार नहीं करूंगा) गीत जनजातीय लोगों की मुखर अभिव्यक्ति बन गया। अतरू अन्याय के विरुद्ध लडने के लिए गोविंद गुरु का आह्वान ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन की नींव साबित हुआ।

इतने बड़े पैमाने पर होने वाली सभा की भनक लगते ही अंग्रेजों ने मानगढ़ पहाड़ी पर 7 कंपनियां तैनात की जिन्होंने पूरी मानगढ़ पहाड़ी को घेर लिया और तोपें भी तैनात कर दीं। गोलियों का भय दिखाते हुए जनजातीय लोगों के हौंसलों को पस्त करने का प्रयास किया। अंग्रेजी हुकूमत ने गोविन्द गुरू और उनके अनुयायी भील समाज के लोगों को मानगढ़ पहाड़ी खाली करने का आदेश दिया। जनता की आध्यात्मिकता द्वारा संवर्धित जागृत चेतना किसी भी प्रकार से अंग्रेजों के प्रति वफादारी स्वीकार करने को तैयार नहीं थी। उनके विश्वास और मातृभूमि की रक्षा करने की भावना ने गोलियों के भय को नजरअंदाज कर दिया। संवेदनहीन अंग्रेजों ने बड़े पैमाने पर गोलीबारी का आदेश दिया और इस अमानवीय कृत्य के कारण उस दिन 1500 से अधिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण त्याग दिए। अंग्रेजों का नैतिक आचरण लगातार विकृत होता गया जब उन्होंने 6 वर्षों के बाद जलियांवाला बाग नरसंहार और ऐसे ही अन्य अमानवीय कृत्यों को अंजाम दिया।

स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे विस्मृत वीरों के बलिदानों ने राष्ट्रवादी समुदाय के नैतिक मूल्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इससे स्वतंत्रता को कानूनी और न्यायसंगत आवश्यकता के रूप में देखे जाने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इस भावना ने सभी को स्वतंत्र भारत के लिए कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में संपूर्ण रूप से प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे मूल, एकता और कर्तव्यपरायणता पर गर्व करते हुए औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को हटाते हुए विकसित भारत के उद्देश्य के साथ अमृत काल के पांच प्रण का आह्वान किया है। राष्ट्र निर्माण हेतु स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीयों की महत्पूर्ण भूमिका पूर्ण रूप से एक प्रेरणादायक गाथा है। जनजातीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के प्रति उनकी संबद्धता और सौहार्द अनुकरणीय है तथा संभ्रांत वर्ग और विकसित देशों के लिए एक सबक है जिसके माध्यम से कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जा सकती है। हाल ही में 01 नवंबर को मानगढ़ पहाड़ी में आयोजित श्मानगढ़ धाम की गौरव गाथात्र कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों के साथ, गोविन्द गुरू व बलिदानी भील समाज के वीरों का श्रद्धांजलि देने उपस्थित हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 1913 में इसी पहाड़ी पर एकत्रित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्र के रूप में इसका विकास राष्ट्र निर्माण में जनजातीय योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस अवसर पर घोषणा की कि मानगढ़ धाम का विकास राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की सरकारों के समन्वित प्रयासों और सहयोग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आदिवासी समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान और बलिदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा दस राज्यों यथा – अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा एवं केरल में जनजाति संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं।

भारत के विकास पथ की तुलना किसी भरे गिलास से करें तो जनजातीय विरासत का उल्लेख करना ऐसा ही होगा जैसे आधे भरे गिलास को उलट देना। अब मोदी सरकार द्वारा की गई पहलों से जनजातीय लोग सरकार की मुख्य धारा में विकास एजेंडा में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। इस गणतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में जनजातीय नेता द्रौपदी मुर्मू को पाकर राष्ट्र गौरवान्वित महसूस करता है।



# जंगल में पेड़ की डाल टूट कर गिरने से अधेड़ की मौत

फरेंदा। जंगल में जाते समय पेड़ की डाल गिरने से 55 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई। फरेंदा थाना क्षेत्र के परसा महंथ निवासी केशव बृहस्पतिवार को दिन में करीब दो बजे किसी काम से जंगल में गए थे। उसी दौरान अचानक पेड़ की डाल टूट कर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए। जहां पर चिकित्सक ने केशव को मृत घोषित कर दिया।

## लुंबिनी के नेपालगंज में बम विस्फोट, दो घायल

सोनौली (महराजगंज)। लुंबिनी प्रांत के बांके नेपालगंज के एक मकान में बम विस्फोट के कारण दो लोग घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंची नेपाल पुलिस ने दो कुकर बम बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एक पार्टी के कार्यकर्ता, मकान किराए पर लेकर चुनाव प्रचार में जुटे थे। देर रात लुंबिनी प्रदेश के बांके जिला नेपालगंज स्थित उप महानगर वार्ड नं.10 भृकुटीनगर जनस्वास्थ्य कार्यालय के पास एक घर में हुए विस्फोट में दो लोग घायल हो गए। विस्फोट में बिप्लव गुट के नेतृत्व वाली सीपीएन के एक कार्यकर्ता समेत दो लोग घायल हो गए। मौके पर और बम होने की आशंका पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी जुट गए। नेपाली सेना की बम निरोधक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस इंस्पेक्टर साजन श्रेष्ठ ने बताया कि घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विस्फोट के बाद दो कुकर बम भी मिले हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बिप्लव गुट के करीबी कार्यकर्ता उस मकान में कुछ समय से रह रहे थे। घटना की जांच की जा रही है।

## ट्रक से भिड़ी मैजिक गाड़ी, दो लोगों की मौत, नौ लोग घायल

फरेंदा। महराजगंज मार्ग पर अमहवा गांव के निकट तड़के चार बजे एक मैजिक ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि मैजिक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मैजिक में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, मैजिक गाड़ी फरेंदा की तरफ से सवारियों को लेकर महराजगंज आ रही थी। इसी तरफ से ट्रक जा रहा था। अमहवा गांव के सामने मैजिक अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ गई। भीषण हादसे में मैजिक चालक देवेश (35) कुमार निवासी करौता की मौके पर मौत हो गई। जबकि अजय (35) निवासी शास्त्री नगर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मैजिक का अगला हिस्सा ट्रक में फंस जाने से चालक के शव को कटर मशीन से काटकर निकाला गया। मैजिक में सवार रामेश्वर (55) निवासी करौता, शराफत अली (28) निवासी पिपरा काजी, रहीस खान (29) निवासी पिपरा रसूलपुर, अब्दुल रहीम (45) निवासी गैसड़ी, शिव मणि त्रिपाठी (23) निवासी घौलीकला, भूपत (50) निवासी करौता, सत्येंद्र (24) निवासी बहरामपुर, अब्दुल (41) एवं मोहम्मद रफीक (18) निवासी बलरामपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के तुरंत बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल ले जाने में मदद की। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि घायलों में दो व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## पिता अस्पताल में भर्ती, बेटे का उठा जनाजा

महराजगंज । चौक बाजार थाना क्षेत्र के करौता गांव के रहने वाले देवेश चौधरी की दुर्घटना में मौत की खबर सुनकर हर कोई फफक पड़ा। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। उधर, पिता अस्पताल में भर्ती हैं, इधर बेटे का जनजा उठा। यह देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। अमहवा गांव के पास हुई दुर्घटना से करौता गांव के देवेश के घर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। देवेश अपने बीमार पिता रामेश्वर को लखनऊ इलाज कराने ले गए थे। उनको हृदय रोग है। वहां से इलाज कराने के बाद ट्रेन से फरेंदा स्टेशन उतरकर पिता पुत्र दोनों मैजिक में सवार होकर अपने घर के लिए निकले। रास्ते में हुई दुर्घटना में पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। एक तो पहले से पिता का इलाज हो रहा था, फिर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के सदमे को बेटा देवेश बर्दाश्त नहीं कर सका। पिता पुत्र दोनों जिंदगी मौत से जूझ रहे थे। पिता को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, उधर बेटे की मौत हो गई। देवेश की मौत की सूचना उसके पिता को नहीं दी गई है। हृदय रोगी होने के कारण इसकी जानकारी उनको लोगों ने नहीं दी। इस घटना ने क्षेत्रवासियों को झकझोकर रख दिया है। हर कोई परिजनों का ढांढस बधाने में जुटा है। देवेश दो भाइयों में बड़ा था। वह निचलौल स्थित एक प्राइवेट महाविद्यालय में पढ़ाता था। पत्नी रुक्मिणी का रो–रो कर बुरा हाल है। मृतक की दो बेटियां तथा एक बेटा है। बड़ी बेटी अपर्णा (8) है। अदिति (6) तथा छोटा बेटा ऋषभ चार साल का है।

# मां को जिंदगी भर रहेगा मलालरू खेत में दो बच्चियों को सुलाकर घर गई थी, फसल काटने पर कंबाइन से कटकर दोनों की मौत

बरियारपुर (देवरिया) ।गौरीकोठी गांव में कंबाइन से धान की फसल की कटाई करते समय खेत में सोईं दो बच्चियां कट गईं। घटना के बाद कंबाइन चालक भाग गया। ग्रामीणों ने कंबाइन घेरकर जमकर हंगामा किया। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम और सीओ ने कार्रवाई का भरोसा देकर लोगों को शांत कराया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के गौरीकोठी के गोसाईं टोला निवासी अंगद गिरि की पत्नी अपनी बेटी जिया (4) और रिश्तेदारी में आई कुशीनगर के रामाभार गांव निवासी करिश्मा (7) को लेकर धान की फसल की कटाई कराने खेत में गई थीं। वह खेत के मेड़ पर दोनों बच्चियों को लेकर कंबाइन का इंतजार कर रही थीं। कंबाइन आने में देरी होने पर वह किसी कार्यवश दोनों बच्चियों को खेत में सुलाकर जल्दी आने की बात कहकर घर चली गईं। कुछ देर बाद कंबाइन मशीन लेकर चालक पहुंचा और अंगद गिरि के खेत में धान की फसल की कटाई करने लगा। इसी दौरान खेत में सो रहीं दोनों बालिकाएं कंबाइन की चपेट में आ गईं। इससे दोनों की मौत हो गई। इसके बाद चालक कंबाइन छोड़कर भाग गया। इसी बीच अनहोनी की आशंका को भांपते हुए बगल के खेत में काम कर रहे लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। खून से लथपथ दोनों बेटियों को देखकर वे शोर मचाने लगे। घटना के बारे में जब अन्य ग्रामीणों को जानकारी हुई तो काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने कंबाइन चालक पर कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे एसओ ने कंबाइन मशीन को कब्जे में ले लिया। कुछ देर बाद एसडीएम सदर सौरभ सिंह और सीओ मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने हंगामा कर रहे लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर देवानंद ने बताया कि दोनों की मौत कंबाइन की चपेट में आने से हुई है। वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। बेटी का जन्मदिन मनाने का सपना रह गया अधूराः गौरीकोठी गांव में अंगद गिरि के घर में एक सप्ताह बाद बेटी जिया के जन्मदिन पर परिवार में उत्सव होने वाला था। खुशी के अवसर पर परिवार गांव के एक धर्मस्थल पर भजन–कीर्तन का आयोजन कराने की तैयारी कर रहा था। अंगद भी गुजरात से जन्मदिन मनाने के लिए आने वाले थे। जिया व करिश्मा की मौत ने परिवार और गांव को झकझोर कर रख दिया।

लापरवाही पर पछता रही मांः घटना से बेटी के जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार वालों को बिलखते देखकर सबकी आंखें नम हो गईं। परिजन फूट–फूटकर रो रहे थे। मां बार–बार बेहोश हो जा रही थी। होश में आने पर अपनी लापरवाही को याद कर पछता रही थी।

# पीडी डीआरडीए ने विधायक निधि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

मीरजापुर। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश के अनुपालन में परियोजना निदेशक डीआरडीए अनय मिश्रा ने विधायक निधि योजनान्तर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यस्थल पर कार्य से सम्बन्धित अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड एवं सहायक अभियन्ता डीआरडीए साथ में मौके पर उपस्थित थे। कार्य रत्नाकर मिश्र सदस्य विधान सभा के विधायक निधि अंशधन से मु. रू.749 लाख की स्वीकृति है। विजयपुर कोठी में चौबे के आवास सोनकर के आवास तक सीसीरोड निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार 85.0 मीटर लम्बाई एवं 4.65 मीटर चौडाई में सब वेश 0. 10 से. मीटर मोटाई में 75–100 एम0एम0 गेज की जीएसबी डालकर 0.075 मीटर मोटाई में 80–100 एमएम गेज की गिट्टी के पर 15 सेन्टीमीटर मोटाई में सीसी तथा मार्ग के दोनो साईड में 0.23ग.30 मीटर माप में बाक्सिंग का कार्य एवं 350 एमएम ब्यास कि एनपी –3 हयूम पाईप द्वारा सीवर लाईन का निर्माण कार्य का प्राविधान किया गया है। जिसके सापेक्ष अब तक 65. 0 मीटर लम्बाई एवं 3.80घ40 मीटर औसत चौड़ाई में औसत 2 सेन्टीमीटर मोटाई में 22.4–53 एम एम गेज की गिट्टी डालकर उसके उपर लगभग 15 सेमी मोटाई में स्टोन डस्ट डाला गया है। इस कार्य पर पानी का छिड़काव करके रोलर द्वारा प्रापर मानक के अनुरूप कुटाई का कार्य नहीं किया गया है। सम्बन्धित अवर अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि इस मार्ग पर लगभग 20 दिन पूर्व नमामि गंगे योजना के तहत सड़क खोदकर 30 एमएम ब्यास की पाइप द्वारा सीवर का निर्माण कार्य कराया गया है। इस कार्य में सड़क पर गिट्टी डाली गयी है, जिसका कम्पैक्सन प्रापर ढंग से नहीं हुआ है। जिसके कारण कार्य अवरूद्ध है मिट्टी कम्पैक्सन के पश्चात इस मार्ग पर सीसी का निर्माण कार्य कराया जायेगा। अब तक कराये गये कार्य की गुणवत्ता अधोमानक पायी गयी, मार्ग पर केवल गिट्टी डाली गयी हैं जिसका समतलीकरण करके प्रापर ढंग से रोलर द्वारा कुटाई का कार्य नही किया गया है। मार्ग पर गठित प्राक्कलन के अनुसार दोनो साइड में बाक्सिंग का कार्य नहीं कराया गया है एवं निर्धारित 10.0 सेन्टीमीटर की मोटाई में गिट्टी न डालकर केवल औसत 2 सेन्टीमीटर मोटाई में अब तक गिट्टी डाली गयी है। इस मार्ग पर सीवर का चौम्बर बनाया गया है, जो सीसी रोड बनने पर चौम्बर का ढक्कन मार्ग से 20 सेन्टीमीटर सिंचाई कम हो जायेगी, जिससे आवागमन सूचारू रूप से नहीं हो पायेगा। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा निर्मित चौम्बर तथा जल निगम द्वारा निर्मित चौम्बर रोड की सिंचाई के अनुरूप बना कर ही सीसी रोड का निर्माण किया जाना कार्यहित में होगा। गठित प्राक्कलन के अनुरूप कार्य कराने हेतु अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग हरिशंकर सिंह को निर्देशित किया गया है।

# रंगोली बनाओ प्रतियोगिता सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के कैलाशी देवी इण्टरमीडिएट कालेज




बरहजपार (डड़वापार चौराहा) पर बीटीसी प्रशिक्षु टीचरों द्वारा कक्षा छः से बारहवीं तक की छात्राओं में रंगोली बनाओ ट्राफी पाओं प्रतियोगिता कराई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के फुल, मेरा भारत महान, मयुर आदि का मन मोहक चित्र उकेरा गया। इस रंगोली प्रतियोगिता को 15 ग्रुप में विभाजित किया गया था। जिसमें कक्षा बारहवीं की शालू, निशा यादव, ज्योति भारती, शोनी मौर्या और शालिनी की टीम प्रथम स्थान, कक्षा छः की आकृति प्रजापति, लक्ष्मी, कुमारी सोनम गौतम और रीया की टीम द्वितीय स्थान और कक्षा आठ की प्रिती, शबनम, नम्रता, नेहा, सत्या और प्रियांशी तृतीय स्थान प्राप्त की विजेता तीनों टीम को विद्यालय की उप प्रधानाचार्य पल्वी मिश्रा द्वारा ट्राफी और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इनके होसला अफजाई के लिए प्रबंधक अवनीश मिश्र, प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह, अर्जुन सोनकर भाष्कर के साथ ही साथ रामम गीरीश राय पी जी कालेज दुबौली के प्राचार्य डा अशोक साही भी उपस्थित रहे।

# मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद के तत्वावधान में विद्वत प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाहीडाड़ी में माँ वैष्णवी व वेद विज्ञान परिषद के तत्वाधान में विद्वत प्रकोष्ठ की बैठक की गई। जिसमें ब्राह्मण समाज के हितों की चर्चा की गई तथा अपने धर्म एवं संस्कृति पर चलने के लिए विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए



मुख्य अतिथि मां वैष्णवी विज्ञान परिषद के प्रमुख महेश आनंद त्रिपाठी ने कहां कि ब्राह्मण की मूल उसकी संस्कृति है, ब्राम्हण अपनी प्रतिष्ठा कायम रखने के लिए सनातन संस्कृति प्रतिष्ठा कायम करें भारतीय संस्कृति के संवर्धन हेतु कार्य करें क्योंकि सनातन संस्कृति ब्राह्मणों की मूल धरोहर है। विशिष्ट अतिथि मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद के महासचिव आचार्य जितेन्द्र राम त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज अपने अस्तित्व को बरकरार रखनें के लिए सारे मतभेदों को भूलकर एक होनें की आवश्यकता है। ब्राह्मण की एकता से राष्ट्र और समाज का हित है। अपने धर्म और संस्कृति की सुरक्षा भी करना हम ब्राह्मणो का दायित्व है। अपनें धर्म, संस्कृति, देश के लिए मर जाना भी श्रेयस्कर है। दुसरे के धर्म और संस्कृति कदापि स्वीकार नही करना चाहिए, गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं। स्वधर्मे निधनः श्रेयः पर धर्म हयावह बैठक में निधि प्रमुख गोरखनाथ चतुर्वेदी नें कहा कि आज ब्राह्मणों का एक होना समय की मांग है। इस बैठक में गगहा ब्लाक प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी अशोक त्रिपाठी, बृजेश मणि त्रिपाठी, अशोक तिवारी दयाराम तिवारी, अंकेश मणि त्रिपाठी, शंकर राम तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, विवेक, वेद प्रकाश, उमेश, सौरभ, पवन, राम कृपाल, ओमकृष्ण आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानवीय संचेतना को जाग्रत व परिष्कृत करती ह राम कथा

गोरखपुर। गंगा में स्नान से शुद्धि हो या ना हो इसमें संदेह है लेकिन श्रीराम कथा में जो मनुष्य डुबकी लगा लेता है उसका उद्धार निश्चित है। राम चरित्र धर्म, शांति, पवित्रता, मोक्ष, सुख प्रदान करने वाला अलौकिक चरित्र है। इसे आत्मसात करने से मानव जीवन का कल्याण होता है। जीवन जीने की कला हमें भगवान राम का जीवन चरित्र सिखाता है. उक्त विचार श्री भानु मिश्रा ( वरिष्ठ भाजपा नेता ) ने ग्राम सभा भंडारों में चल रहे सात दिवसीय श्री हनुमत यज्ञ में क्षेत्रवासियों के समक्ष रखा. उन्होंने कहाः उन्होंने कहा कि महापुरुष बनाने वाला, आत्मदर्शन कराने वाला, जीवन को सफल कराने वाला कोई चरित्र है तो वह राम चरित्र ही है। इससे पूर्व कार्यक्रम आयोजक श्री विष्णु उपाध्याय जी ने स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि जी का स्वागत किया. .. कार्यक्रम में श्री विनय चतुर्वेदी श्री अनूप शंकर पाण्डेय श्री मोनू दुबे श्री हरिकेश यादव सत्यव्रत उपाध्याय इत्यादि सहित हजारों कि संख्या में धर्मानुयायी उपस्थित रहे

# नहरों के सिल्ट सफाई कराते हुये टेल तक पहुंचाना सुनिश्चित करे पानी: डीएम

## ‘जिलाधिकारी ने शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा कर अधिकारियों को दिया निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास से सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक कर शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के मासिक प्रगति की समीक्षा की। नहरों की सफाई व किसानों के फसलों की सिचाई के लिये टेल तक पानी पहुंचाने की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता सिचाई सिरसी प्रखण्ड को निर्देशित करते हुये कहा कि जहां भी नहरों की सफाई करानी हो 15 दिवस के अन्दर सिल्ट सफाई कराते हुये फसलों की सिचाई के लिये टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि नहरों के संचालन के लिये रोस्टर बनाकर प्रचार प्रसार भी कराया जाय। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उप निदेशक कृषि के द्वारा बताया गया कि 65 अवमुक्त सोलर पम्प के सापेक्ष 34 सोलर पम्प लगाये जा चुके हैं, निर्देशित किया गया कि शेष सोलर पम्पों का भी सत्यापन कराकर पात्र कृषको को लाभान्वित किया जायेगा। बैठक में फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की भी समीक्षा की गयी। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रान्तीय खण्ड के द्वारा निर्माणाधीन 25 सड़को के सापेक्ष 10 पूर्ण करा लिया गया हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। इसी प्रकार निर्माण खण्ड–2 में 22 के सापेक्ष 9 पूर्ण कराया गया है एक सड़क वन विभाग से एनओसी न मिलने तथा एक सड़क में धनाभाव के कारण अनारम्भ हैं। शेष सड़को को जिलाधिकारी द्वारा मासान्त तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियन्ता आरईडी के द्वारा बताया गया कि 31 सड़क लक्ष्य के सापेक्ष 25 कार्य पूर्ण कराया गया शेष 6 सड़को को मासान्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा। निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान कहा गया कि छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखा जाय। हलिया विकास खण्ड के जंगल मोहाल में निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थल को भी मासान्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की गयी, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं प्रत्सेक पीएचसी पर दवाओं की उपलब्धतता पर बल दिया गया। आयुष्मान भारत अन्तर्गत बनाये जा रहे गोल्डन कार्ड की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत पंचायत सहायको को गोल्डन कार्ड बनाने हेतु आईडी मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया जाय ताकि गोल्डन कार्ड बनाने में प्रगति लायी जा सकें। निर्माणाधीन हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर एवं पूर्ण हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के संचालन के बारे में भी जानकारी ली गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आशाओं के मानदेय का शत प्रतिशत भुगतान तथा जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत लाभार्थियो को देय धनराशि शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय। अमृत योजनान्तर्गत समीक्षा के दौरान जलापूर्ति, हाउस कनेक्शन, पार्को का सौन्दर्यीकरण आदि की समीक्षा की गयी। जिसमें हाउस कनेक्शन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि प्लास्टिक, पन्नी आदि के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं नगरीय मुख्यमंत्री आवास एनआरएलएम मनरेगा, विद्युत आदि की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था आरईडी को निर्देशित किया कि 5 नये स्वीकृत सड़को को कार्ययोजना बनाकर तत्काल निर्माण कार्य प्रारम्भ करें। मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत अवशेष 95 आवासों को भी पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। पेयजल योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित करते हुये कहा कि लहुरिया दह पेयजल योजना के कार्य में तेजी लाया जाय ताकि वहां के लोगो को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें। खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान राशन कार्डो से आधार लिंक शत प्रतिशत करते हुये अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाने का भी निर्देश दिया गया। दो माह से अधिक रिक्त राशन की दुकानों को तत्काल खुली बैठक कराकर व्यवस्थापन के भी निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिया गया। वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियों का आधार फीडिंग शत–प्रतिशत सुनिश्चित करायें। बैठक औद्यानिक विकास सामूहिक शादी की भी समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सामूहिक शादी के लिये जनप्रतिनिधियों को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया जाय कि यदि के उनके पास कोई पात्र व्यक्ति संज्ञान में आता है तो उसकी सूची उपलब्ध करायें ताकि उसे लाभान्वित किया जा सकें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत अनवरत निरीक्षण कराये तथा निरीक्षण आख्या मुख्य विकास अधिकारी को भी उपलब्ध करायी जाय। बैठक में कौशल विकास, स्वारोजगार योजना, खादी ग्रामोद्योग, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, सहकारिता आदि विभागों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी ।बैठक में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं की भी समीक्षा की गयी। पुलिस लाइन में निर्माणाधीन पुलिस आवास, बैरक के धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। यूपीसीएल कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्य के सापेक्ष दो का एनओसी उपलब्ध कराया गया एक केन्द्र पर कार्य प्रगति पर है जिसमें तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैटक में निर्माणाधीन दिव्यांग विद्यालय पटेहरा, सर्वेक्षण गृह, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, हास्टल, सेतु निगम आदि कार्यो की समीक्षा की गयी तथा निर्माण कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। कार्यदायी संस्थाओं को यह भी कहा गया कि जिस निर्माण कार्य में धनराशि अप्राप्त हो उसके लिये मांग पत्र सम्बन्धित विभाग के मुख्यालय को भिजवा दिया जाय। बैठक में जिला कृषि अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण की मांग भी की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनय मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशिकान्त, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सिचाई, विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# सतरिख से तीर गांव मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील सरकार के दावे फेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। सरकार गड्ढा मुक्त अभियान को 15 नवंबर तक पूरा करना था इसे लेकर शासन ने विभागीय आंकड़ों के हिसाब से 84: सड़कों की मरम्मत का दावा करते हुए 15 दिन का समय और मांगा है लेकिन विभागीय दावों के विपरीत बाराबंकी जिले में 50: सड़कों के भी गड्ढे नहीं भरें कई प्रमुख सड़कें आज भी जर्जर हालत में हैं सड़कों की दशा ऐसी है कि उन पर पैदल चलना भी मुश्किल है। सतरिख बाराबंकी सतरिख से तीरगांव होते हुए सुल्तानपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला सतरिख तीरगांव अमेठी मार्ग पूरी तरह जर्जर पड़ा है जर्जर मार्ग पर दर्जनों गांव जोड़ने वाली मार्ग की दशा अभी तक नहीं सुधारी आपको बताते चलें सतरिख से तीरगांव के बीच स्कूली बच्चों को आने जाने में गड्ढों से जंग लड़ना पड़ता है जिससे आए दिन होती है दुर्घटनाएं गड्ढे बचाने के चक्कर में आए दिन हजारों की तादाद में स्कूली बच्चों का इसी रोड से आवागमन होता है सरकार दावा करती हैं कि विभागीय आंकड़ों के हिसाब से 84 परसेंट तक सड़कें दुरुस्त हो गई लेकिन हकीकत तो यह है की अभी तक 50 परसेंट सड़के भी दुरुस्त नहीं हुई जिसकी हालत आप खुद इस वीडियो एवं फोटो के जरिए देख सकते हैं सतरिख बख्तावर 10 कुटी के निकट बड़े गड्ढे होने से आए दिन बच्चे गिरकर होते हैं चोटिल वही शरीफाबाद रेट नदी के निकट रोड फट जाने से उस मोड़ पर आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं इसी तरह अनेकों जगह बड़े–बड़े गड्ढे होने से बच्चों को एवं राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है सरकार बड़े–बड़े दावे करती है लेकिन प्रशासन अनदेखा करता देखने वाली बात यह होगी की खबर प्रकाशित होने के बाद शासन–प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है सतरिख से तीर गांव मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील सरकार के दावे फेल



सरकार गड्ढा मुक्त अभियान को 15 नवंबर तक पूरा करना था इसे लेकर शासन ने विभागीय आंकड़ों के हिसाब से 84: सड़कों की मरम्मत का दावा करते हुए 15 दिन का समय और मांगा है लेकिन विभागीय दावों के विपरीत बाराबंकी जिले में 50: सड़कों के भी गड्ढे नहीं भरें कई प्रमुख सड़कें आज भी जर्जर हालत में हैं सड़कों की दशा ऐसी है कि उन पर पैदल चलना भी मुश्किल है। सतरिख बाराबंकी सतरिख से तीरगांव होते हुए सुल्तानपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला सतरिख तीरगांव अमेठी मार्ग पूरी तरह जर्जर पड़ा है जर्जर मार्ग पर दर्जनों गांव जोड़ने वाली मार्ग की दशा अभी तक नहीं सुधरी आपको बताते चलें सतरिख से तीरगांव के बीच स्कूली बच्चों को आने जाने में गड्ढों से जंग लड़ना पड़ता है जिससे आए दिन होती है दुर्घटनाएं गड्ढे बचाने के चक्कर में आए दिन हजारों की तादाद में स्कूली बच्चों का इसी रोड से आवागमन होता है सरकार दावा करती हैं कि विभागीय आंकड़ों के हिसाब से 84 परसेंट तक सड़कें दुरुस्त हो गई लेकिन हकीकत तो यह है की अभी तक 50 परसेंट सड़के भी दुरुस्त नहीं हुई जिसकी हालत आप खुद इस वीडियो एवं फोटो के जरिए देख सकते हैं सतरिख बख्तावर 10 कुटी के निकट बड़े गड्ढे होने से आए दिन बच्चे गिरकर होते हैं चोटिल वही शरीफाबाद रेट नदी के निकट रोड फट जाने से उस मोड़ पर आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं इसी तरह अनेकों जगह बड़े–बड़े गड्ढे होने से बच्चों को एवं राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है सरकार बड़े–बड़े दावे करती है लेकिन प्रशासन अनदेखा करता देखने वाली बात यह होगी की खबर प्रकाशित होने के बाद शासन–प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है।

# दूरदर्शन पर कल प्रसारित होगी दुद्धी की सेनानियों की गौरव गाथा



- दूरदर्शन के डीडी यूपी पर 10.30 रात्ति सेनानियों की गौरव गाथा होगा पहली बार प्रसारण
- इतिहासकार दीपक केसरवानी के नेतृत्व में बनी यह टेलीफिल्म

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत अंग्रेजों द्वारा निर्मित बफर स्टेट दुद्धि के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रा आंदोलन, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े हुए स्थलों पर पहली बार वाराणसी दूरदर्शन केंद्र द्वारा निर्मित टेली फिल्म का प्रसारण दूरदर्शन के डीडी यूपी चौनल पर रात्रि 10.30 बजे प्रसारित होगा।

उपरोक्त आशय की जानकारी फिल्म यूनिट मे शामिल इतिहासकारध्संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नामित सदस्य दीपक कुमार केसरवानी देते हुए बताया कि–इस फिल्म में 1857 से लेकर 1947 तक दुद्धी क्षेत्र में हुए आंदोलन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता आंदोलन के समय के स्थलों को प्रदर्शित किया गया है। जनपद सोनभद्र के तहसील दुद्धी का इतिहास एवं सोनभद्र जनपद की दुद्धी क्षेत्र से स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाली एकमात्र महिला सेनानी राजेश्वरी देवी, सैयद सखावत हुसैन के बारे में पहली बार इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी द्वारा उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया है। दुद्धी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी युसूफ मसीह के पौत्र मिथिलेश मसीह, सुखन अली के प्रपौत्र नासिर अली, पूरन खरवार के पौत्र धर्मजीत खरवार, समाजसेवी डॉक्टर लवकुश प्रजापति का साक्षात्कार एवं दुद्धि में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थल दुद्धि के नगवा में स्थापित स्वराज स्तंभ, ब्लॉक पर स्थापित सेनानियों के नाम वाली पट्टीका आदि के प्रदर्शन के माध्यम से दुद्धि के अतीत एवं वर्तमान को दिखाकर भावी पीढ़ी को शिक्षा देने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार हमारे पूर्वजों ने अपनी त्याग, तपस्या, बलिदान के बल पर आजादी की लड़ाई लड़कर अंग्रेजों से स्वतंत्रता हासिल किया। दुद्धी के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित पहली बार दूरदर्शन द्वारा निर्मित फिल्म के माध्यम से संपूर्ण देशवासी दुद्धी के इतिहास से परिचित हो सकेंगे।

# एनसीएल ने तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीना/सोनभद्र। एनसीएल द्वारा बीना परियोजना में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



परियोजना प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ प्रतिभागियों के स्कोरिंग के लिए जजों की नियुक्ति की गयी है। एनसीएल ने शुक्रवार को बीना के संस्कार भवन में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ। यह कार्यक्रम 18 से 20 नवंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन, लोकगीत, गजल, नजरुल गीत, बैंजो, क्लोरेट, तबला, ध्रुपद ठुमरी, माउथ ऑर्गन, आर्केस्ट्रा, सिंथेसाइजर, हास्य प्रसंग, कुचिपुड़ी, रविंद्र संगीत, कर्नाटक संगीत, कव्वाली, बांसुरी जैसे 29 तरह का कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए निर्धारित समय है। एक कर्मचारी अधिकतम 2 एकल स्पर्धा में भाग ले सकता है। कार्यक्रम में किसी धर्म, जाति एवं कंपनी से संबंधित विषय पर प्रस्तुतीकरण कारोक है। इस कार्यक्रम में 3 जजों की नियुक्ति की गई है। विवेक शांति विशाल इलाहाबाद से वोकल शास्त्रीय गायन, डॉक्टर नीरज कुमार इलाहाबाद से इंस्ट्रूमेंट तबला वादक एवं डॉ पवन राज चौधरी वाराणसी से बांसुरी वादक जज है। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशारू अंकित शुक्ला निगाही 66 पॉइंट, आरएन पंकज मुख्यालय 53 पॉइंट, एवं विनोद कुमार साह केंद्रीय कर्मशाला 45, का परिणाम आया सभी प्रतिभागी को 20 नवंबर को प्रबंधन द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# यातायात जागरुकता अभियान, क्षेत्राधिकारी ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक



दैनिक बुद्ध का संदेश

कर्मा/सोनभद्र। यातायात जागरुकता माह–नवम्बर वर्ष–2022 के तहत क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार तथा थानाध्यक्ष कर्मा राजेश कुमार सिंह द्वारा स्थानीय हंस वाहिनी इंटर कालेज कसया में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को पंपलेट वितरित कर जागरुक किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने व बिना लाइसेंस के वाहन नही चलाने की अपील की गयी। क्षेत्राधिकारी ने छात्र छात्राओं से अपने माता, पिता, भाई, चाचा आदि से बिना हेलमेटध्सीट बेल्ट के, मोबाइल से बात करते हुए,अत्यधिक तेज गति में तथा गलत दिशा से वाहन न चलायें के लिए अपील करने के लिए कहा। बगैर लाइसेंस के वाहन, तथा बिना रजिस्ट्रेशन व बिना इंश्योरेंस के वाहन न चलाने हेतु बताया गया। साथ ही साथ सड़क पर वाहनों के बीच उचित दूरी बनाये रखने हेतु भी जागरुक किया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह द्वारा सड़क दुर्घटना होने वाले कारणों तथा इसके उपरान्त होने वाली कानूनी प्रक्रिया के सम्बंध में भी लोगों को जानकारी दी गयी, सिंह ने बताया कि 1073,112 नंबर पर दुर्घटना के समय मदद ली जा सकती है। छात्र छात्राओं को अपने मित्रों को भी इस सम्बंध में जागरुक करने की अपील की। जिससे सड़क पर सभी यातायात नियमों का पालन करें तथा सुरक्षित रहें। इस सम्बंध में जागरुकता सम्बंधी पोस्टरध पम्पलेट आदि के माध्यम से जागरुक करने के लिए पंपलेट भी दिया गया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# प्राथमिक विद्यालय कुसुम्भा में विडियो पूजा पांडे ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। देवा ब्लॉक के समस्त कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों



की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें ऑनलाइन माध्यम से बच्चों कीओएमआर शीट द्वारा उनका मूल्यांकन सरल ऐप द्वारा किया गया इस परीक्षा को संपन्न कराने में प्रत्येक विद्यालय के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई खंड शिक्षा अधिकारी राम नारायण के नेतृत्व में एवं समस्त। त्व् की देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई परीक्षा संपन्न कराने में कई स्थानों पर नेटवर्क प्रॉब्लम की समस्या बनी रही जिससे ओएमआर शीट स्कैन करने में परेशानियां हुई 3.00 बजे के बाद भी शिक्षक ओएमआर शीट का स्कैन करते रहे। पूरी परीक्षा 2 शब्दों में आयोजित की गई जिसमें कक्षा 1 से 3.00 तक के बच्चों का मूल्यांकन मौखिक रूप से किया गया जिसकी ओएमआर शीट शिक्षकों द्वारा भरी गई एवं कक्षा 4से 8तक के छात्रों ने ओएमआर शीट स्वयं भरकर परीक्षा दी। प्राथमिक विद्यालय कुसुम्भा का निरीक्षण करती हुई वीडियो पूजा पांडे ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया परीक्षा सुचारू रूप से चल रही थी विद्यालय में नामांकित 156 बच्चों में 139 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया विद्यालय का वातावरण देखकर काफी प्रसन्न हुई और पूरे स्टाफ की प्रशंसा की। विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक विजय प्रताप सिंह व शिक्षिका मंजू वर्मा द्वारा विद्यालय परिसर तथा बच्चों की स्वच्छता पर जो ध्यान दिया जा रहा है। वह अत्यंत प्रशंसनीय हैं। प्रधानाध्यापक द्वारा विडियो मैडम एडीओ पंचायत मोहम्मद सलीम को विद्यालय परिसर में पौधा देखकर स्वागत किया।

# वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय मोहनलाल केसरी को दी गई श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोनभद्र जनपद के राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, केसरवानी



वैश्य सभा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वर्गीय मोहनलाल केसरी की स्मृति में जनपद मुख्यालय के शीतला मंदिर चौराहा के पास स्थित राधाकृष्ण मंदिर के परिसर में वैश्य मित्र मंच की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में राजाराम केसरी, सोहनलाल केसरी, लवकुश प्रसाद केसरी, सुमन केसरी, राधेश्याम केसरी, शंकर प्रसाद केसरी, सुरेश केसरी, विजय केसरी, चंदन केसरी, मिठाई लाल सोनी, राजू सोनी, प्रसिद्ध नाथ सोनी, राजकुमार सोनी, सुरेंद्र सोनी आदि लोग उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रहकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

# टीम द्वारा मच्छर रोधी औषधि का छिडकाव किया गया

हरदोई।जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा 126 एलाईजा जांच के सापेक्ष पाये गये डेंगू केसेज (कुल 3) के सापेक्ष रेलवेगंज, वेटगंज साउथ,अशराफ टोला.मोमीनाबाद आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर सोर्स रिडक्सन एवं मच्छर रोधी औषधि का छिडकाव कार्य सम्पादित किया गया। इस कार्यवाही में कुल 757 घरों में भ्रमण कर सोर्स रिडक्सन का कार्य सम्पादित किया गया।जिनमें से 10 घरों के अन्दर मच्छर का लार्वा पाये जाने पर भवन मालिको को चेतावनी नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त मलेरिया की कुल 448 जांच के सापेक्ष कुल 01 मलेरिया धनात्मक रोगी पाये गये।

# फेस सीरम बनाम फेस मॉइस्चराइजरः जानिए इनके बीच का अंतर



स्किन केयर रूटीन का सबसे जरूरी स्टेप त्वचा को मॉइस्चराइज करना है। हालांकि, आजकल मार्केट में कई तरह मॉइस्चराइजिंग स्किन केयर प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं और इनमें सबसे पहले फेस सीरम के साथ फेस मॉइस्चराइजर का नाम आता है। ये दोनों ही प्रोडक्ट्स त्वचा को मॉइस्चराइज कर सकते हैं, लेकिन इनमें काफी अंतर है। आइए आज जानते हैं कि फेस सीरम और फेस मॉइस्चराइजर में क्या अंतर है और इनमें से किसे चुनना त्वचा के लिए ज्यादा बेहतर है।

फेस सीरम क्या है?: फेस सीरम हल्का और आसानी से त्वचा में अवशोषित होने वाला स्किन केयर प्रोडक्ट है, जो त्वचा को गहराई से नमीयुक्त बनाने में मदद कर सकता है। इसके इस्तेमाल की बात करें तो आपको अपने पूरे चेहरे पर इसकी कुछ बूंदें लगानी होती हैं। यह विभिन्न त्वचा संबंधित समस्याओं जैसे काले धब्बे, महीन रेखाएं और उम्र बढने के शुरुआती संकेतों को दूर करने के लिए एक बढिया विकल्प है।

फेस मॉइस्चराइजर से क्या समझते हैं आप?

त्वचा की रूखेपन से बचाने में फेस मॉइस्चराइजर काफी मदद कर सकते हैं और यह लोशन या क्रीम के रूप में होता है। फेस मॉइस्चराइजर त्वचा में पानी की मात्रा को बढ़ाते हैं, जिससे यह कोमल और मुलायम बनती है। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के अलावा फेस मॉइस्चराइजर इसे कठोर वातावरण, प्रदूषण, धूल, और सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाने में मदद कर सकते हैं।

फेस सीरम और फेस मॉइस्चराइजर में अंतर

कंसिस्टेंसी में फेस सीरम हल्के होते हैं और इनकी स्थिरता में जेल या पानी जैसी होती है, जबकि फेस मॉइस्चराइजर क्रीमी और सीरम की तुलना में अधिक भारी होते हैं। फेस सीरम मॉइस्चराइजर की तुलना में त्वचा में अधिक गहराई से प्रवेश करते हैं। फेस सीरम त्वचा को कई तरह पोषक तत्व दे सकते हैं और फेस मॉइस्चराइजर का उद्देश्य त्वचा की सतह पर पानी की मात्रा को बरकरार रखते हुए इसे हाइड्रेटेड रखना है।

फेस सीरम और फेस मॉइस्चराइजर में से किसका चयन करें?

फेस सीरम और फेस मॉइस्चराइजर, दोनों को ही स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाया जा सकता है। हालांकि, अगर आपकी त्वचा रूखी या फिर कॉम्बिनेशन के प्रकार वाली है तो फेस मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। संवेदनशील और ऑयली त्वचा वालों के लिए फेस सीरम लगाना अच्छा है। हमेशा अपने त्वचा की जरूरत को ध्यान में रखकर ही किसी फेस सीरम या फिर फेस मॉइस्चराइजर का चयन करें।

## विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा ओटीटी पर होगी रिलीज

बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की अगली फिल्म गोविंदा नाम मेरा, जिसमें कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर भी हैं, ओटीटी पर रिलीज होगी। शशांक खेतान की फिल्म गोविंदा नाम मेरा




रिलीज के लिए डिजिटल रास्ता अपना चुकी है और इसका प्रीमियर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा।

विक्की और करण जौहर, जो फिल्म के निर्माता हैं, का एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया गया था, जिसे कैप्शन दिया गया था, इसकी लाइफ में मस्ती भी है, ड्रामा भी है, दुख भी है, मसाला भी है और रंग भी है! गोविंदा नाम मेरा में, जल्द आ रही है डिज्नी हॉट स्टार पर।

वीडियो में करण जौहर और विक्की के बीच हंसी–मजाक भरी बातचीत में अभिनेता की फिल्मों की पसंद के बारे में बात करते हुए दिखाया गया है। विक्की और करण जौहर ने क्लिप को कैप्शन दिया, जल्द ही मिलते हैं संभाल लेना, डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर।फिल्म के बारे में विवरण अभी और अधिक जानकारी आना बाकी हैं।




## नेहा मलिक के हॉट अवतार ने इंटरनेट पर लगाई आग, मिनटों में वायरल हुआ बोल्ड लुक



एक्ट्रेस नेहा मलिक का लेटेस्ट फोटोशूट हमेशा फैंस के बीच सुर्खियों में रहता हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर अपना प्यार लूटाते हैं। एक्ट्रेस इन दिनों दुबई में अपनी छुट्टीयां मना रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। अभिनेत्री नेहा मलिक हमेशा अपने स्टाइलिश और बोल्ड लुक्स से फैंस को इंप्रेस करना कभी नहीं भूलती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने ग्रीन कलर का शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें उनका लुक बेहद ही बोल्ड नजर आ रहा है। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने ओपन हेयर, लाइट मेकअप और सनग्लासेस कैरी कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में नेहा मलिक सिजलिंग पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। एक्ट्रेस को हाल ही में केसारी लाल के साथ तेरे मेरे दर्मिया में देखा गया था। डीप नेक में क्लिवेज फ्लॉन्ट करते हुए एक्ट्रेस ने एक बार फिर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर दिया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि नेहा मलिक की इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। नेहा मलिक जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।



## विवेक ओबेरॉय ने धारावी बैंक के लिए बढ़ाया 10 किलो वजन

बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय, जो अपने स्ट्रीमिंग शो धारावी बैंक की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ने ओटीटी शो के लिए अपने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में बात की है। अपने शोध के दौरान, उन्होंने महसूस किया कि वह जिस पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं, उसकी फिजीक उनकी खुद की फिजीक से बहुत अलग होगी।

उन्हें एक नया रूप धारण करने की आवश्यकता थी। अभिनेता ने सही आहार और सही व्यायाम के संयोजन के साथ 10 किलो वजन बढ़ाया। उन्होंने कहा, मैंने एक अच्छी तरह से एक रूटीन का पालन किया। हमने वास्तविक जीवन के पुलिस से संदर्भ लिए। जबकि नाटक शो का अभिन्न अंग है, हम चाहते थे कि लुक और फील जितना संभव हो उतना वास्तविक और विश्वसनीय हो।

संतुलित भोजन, जैसा कि मेरे पोषण विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित किया गया था, शुरूआती बिंदु था। यह प्रोटीन के साथ कार्ब्स का एक स्वस्थ संयोजन था।वर्कआउट के मोर्चे पर, उन्होंने कार्डियो और वेट ट्रेनिंग को बराबर भागों में किया। उन्होंने कहा, मुझे बड़ा दिखना था, लेकिन फुर्ती भी चाहिए, जिसे हमने सफलतापूर्वक हासिल किया।समित कक्कड़ द्वारा निर्देशित इस सीरीज का प्रीमियर 19 नवंबर को एमएक्स प्लेयर पर होगा।

## हर महिला के पास जरूर होनी चाहिए ये 5 विंटर जैकेट

सर्दियों में जैकेट न सिर्फ गर्माहट का अहसास करवाती है, बल्कि एक स्टाइलिश और एजी लुक भी देती है। यही कारण है कि आजकल बाजार में कई तरह की विंटर जैकेट मौजूद हैं,



लेकिन कई महिलाएं इस कशमकश में रहती हैं कि उनमें से किसे अपनी अलमारी का हिस्सा बनाना चाहिए। आइए आज हम आपको पांच ट्रेंडी विंटर जैकेट और उनसे जुड़ी फैशन टिप्स बताते हैं, जिनकी मदद से आप अच्छी विंटर जैकेट का चुनाव कर सकते हैं। क्रॉप टेलर्ड जैकेटः इस जैकेट को महिलाएं कैजुअल ब्रंच और मूवी नाइट से लेकर फॉर्मल पार्टी और डेट नाइट तक किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं। यह आपको कूल और चिक वाइब दे सकती है। आप एक न्यूड रंग की क्रॉप टेलर्ड जैकेट को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं और इसे क्रॉप टॉप समेत क्रीम रंग के हाई–राइज पैंट के साथ पहन सकते हैं। इससे आपको सर्दी से बचाव के साथ बेहतरीन लुक भी मिलेगा।

लॉन्ग चेकर्ड जैकेटः चेकर्ड पैटर्न एक बार फिर से ट्रेंड में होने के कारण लॉन्ग चेकर्ड जैकेट भी महिलाओं के पास जरूर होनी चाहिए। लॉन्ग चेकर्ड जैकेट को आप फॉर्मल मीटिंग, डिनर और यहां तक कि कैजुअल हैंगआउट के अवसर के दौरान भी पहन सकती हैं। हल्के भूरे या हल्के हरे रंग के चेकर्ड पैटर्न वाली लॉन्ग जैकेट को चुनना बेहतर है, जिसे आप टॉप–पैंट या मिनी ड्रेस के साथ पहन सकती हैं।

बॉम्बर जैकेटः अगर आप स्ट्रीट–स्टाइल और ट्रेंडी लुक में रहना ज्यादा पसंद करती हैं तो एक अच्छी गुणवत्ता वाली बॉम्बर जैकेट में निवेश करें। आप ऑलिव ग्रीन, डार्क ब्लू या मैरून जैसे रंगों में क्रॉप बॉम्बर जैकेट को चुन सकती हैं और इसे एक प्लेन व्हाइट टी–शर्ट, डेनिम जींस और बूट्स या स्नीकर्स के साथ पहन सकती हैं। आप इस जैकेट को बैगी या कार्गो पैंट्स के साथ भी आजमा सकती हैं।

डेनिम जैकेटः सबसे क्लासिक विंटर आउटफिट में से एक, डेनिम जैकेट हर महिला की अलमारी में जरूर होनी चाहिए। यह एक फ्रेश और लाइट कैजुअल लुक देती है और यह रोजाना पहनने के लिए बढिया है। आप डेनिम–ऑन–डेनिम लुक के लिए जा सकती हैं। इसके लिए आप डेनिम जैकेट को डेनिम स्कर्ट या जींस और एक ओवरसाइज्ड टी–शर्ट के साथ पहन सकती हैं। आप चाहें तो इसे क्रॉप टॉप और ब्लैक पेंसिल जींस के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं।

डबल ब्रेस्टेड जैकेटः डबल ब्रेस्टेड जैकेट फॉर्मल लुक के लिए एकदम बेहतरीन है। आप मिक्स टेक्सचर, बोल्ड रंग और प्लेफुल पैटर्न में डबल ब्रेस्टेड जैकेट को खुद के लिए चुन सकती हैं। गोल्डन बटन वाली हरे रंग की डबल ब्रेस्टेड जैकेट से आपको ग्लैम लुक मिलेगा। आप इस तरह की डबल ब्रेस्टेड जैकेट को न्यूट्रल रंग के टर्टल नेक ड्रेस, नी–हाई बूट्स और गोल्ड ज्वेलरी के साथ पहन सकती हैं।